**NAVBHARAT TIMES, Mumbai, 19.11.2017**
**Page No. 1, Size:(9.29)cms X (9.08)cms.**

# बैंक भी करेंगे OTP से वेरिफिकेशन!

Amit.mishra1
@timesgroup.com

■ **नई दिल्लीः** टेलिकॉम कंपनियों के बाद अब बैंक भी ओटीपी के जरिए आधार वेरिफिकेशन कर सकते हैं। UIADI के सूत्रों का कहना है कि बैंकों को भी आधार के जरिए खाताधारक के बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन के लिए ऑनलाइन सुविधा देने को कहा जाएगा। अभी बैंक खाता आधार से वेरिफाई करवाने के लिए बैंक जाना पड़ता है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

## बैंक के पोर्टल पर जाएं

नई प्रक्रिया में बैंक के पोर्टल पर जाकर अकाउंट डिटेल्स के साथ आधार से कनेक्ट मोबाइल नंबर देना होगा। एक ओटीपी के जरिए ही अकाउंट आधार से वेरिफाई किया जा सकेगा। UIADI सूत्र का कहना है कि अभी इसकी प्रक्रिया पर काम चल रहा है और जल्दी ही इसकी घोषणा हो सकती है।

## आखिरी तारीख 31 दिसंबर

फिलहाल बैंक अकाउंट को आधार से वेरिफाई करवाने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है। इसे आगे बढ़ाए जाने की उम्मीद नहीं है। एक उच्च अधिकारी का कहना है कि बेहतर होगा कि नई प्रक्रिया का इंतजार न करें और वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करवा लें।